# शिक्षा विभाग

## बिहार सरकार

## अभिरूचि की अभिव्यक्ति

## (Expression of Interest)

**आपकी Creativity (सृजनात्मकता) को बिहार दिवस, 2023 का अभिनव अंग बनाने का सुअवसर**

शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा बिहार दिवस–2023 का आयोजन दिनांक 22, 23 एवं 24 मार्च, 2023 को कराने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष बिहार दिवस का थीम सात निश्चय भाग–2 **"युवा शक्ति बिहार की प्रगति"** निर्धारित किया गया है। उक्त अवसर पर निर्धारित आयोजन स्थलों यथा गाँधी मैदान, पटना, श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल, पटना एवं रविन्द्र भवन, पटना के लिए विभिन्न प्रकार के कलात्मक कार्यों का डिजाईन उपलब्ध कराने एवं आयोजन स्थल पर इसका निर्माण/अधिष्ठापन, राज्य के अनुभवी एवं प्रतिष्ठित कलाकारों/कला संस्थानों/कलात्मक कार्य करने वाले अन्य संस्थानों से कराने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

**गाँधी मैदान, पटना**

- मुख्य मंच का बैकड्रॉप (साईज– 70'x24')
- मुख्य द्वार (साईज– 100'x35')
- अन्य 07 द्वार (साईज– 30'x18')
- प्रशासनिक भवन का दो तरफ का फेसिया (साईज– 80'x28' एवं 60'x28')
- सांस्कृतिक पवेलियन का फेसिया (साईज– 100'x28')
- शिक्षा विभाग का समेकित पवेलियन का सम्पूर्ण लेआउट, डिजाईन, फेसिया एवं बैकड्रॉप (साईज– 400'x200')
- पाथ–वे डिजाईन (साईज– Approx 500 Rft.)
- साईड मंच का बैकड्रॉप (साईज– 40'x16')
- सेन्ट्रल Area का थीम डिजाईन (साईज– Approx 1600 Sq.ft.)

**श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल एवं रविन्द्र भवन, पटना**

- मुख्य मंच का बैकड्रॉप (साईज– 40'x16')
- मुख्य द्वार डिजाईन (साईज– 30'x18')
- पाथ–वे एवं बाहरी साज–सज्जा का डिजाइन –

उक्त कलात्मक कार्यों के डिजाईन (कम्प्यूटराईजड) एवं आयोजन स्थल पर निर्माण/अधिष्ठापन हेतु राज्य के अनुभवी एवं प्रतिष्ठित कलाकारों/कला संस्थानों/कलात्मक कार्य करने वाले अन्य संस्थानों से एक साथ अथवा अलग–अलग प्रस्ताव आमंत्रित किया जा रहा है।

**कलात्मक कार्यों के डिजाईन एवं आयोजन स्थल पर निमार्ण/अधिष्ठापन से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दु :–**

1. कलात्मक कार्यो का डिजाईन (कम्प्यूटराईजड) प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। साथ ही डिजाईन का त्रि–अयामी प्रस्तुति भी किया जा सकता है।
2. डिजाईन का माप (साईज), निर्माण में उपयोग होने वाले सामग्रियों की विवरणी भी उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।
3. प्रस्तुत डिजाईन एवं उपयोग होने वाले सामग्री के आधार पर लागत मूल्य बंद लिफाफे में अलग से उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
4. चयनित कलात्मक कार्यो का डिजाईन के अनुरूप आयोजन स्थल पर निर्माण करना आवश्यक होगा।
5. डिजाईन प्रस्तुत करने वाले अनुभवी एवं प्रतिष्ठित कलाकारों/कला संस्थानों/कलात्मक कार्य करने वाले अन्य संस्थानों को पूर्व से सम्पादित किये गये कलात्मक कार्यों का अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
6. चयनित कार्यो के निर्माण के क्रम में शिक्षा विभाग द्वारा आंशिक संशोधन किया जा सकता है।
7. कलात्मक कार्यो की स्पष्टता/निर्देश/सूचना हेतु दिनांक 27.02.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, शिक्षा भवन, सैदपुर, पटना में एक बैठक आहूत की गई है।
8. इच्छुक प्रतिष्ठित कलाकारों/कला संस्थानों/कलात्मक कार्य करने वाले अन्य संस्थानों द्वारा कलात्मक कार्यो की प्रस्तुति दिनांक 03.03.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, शिक्षा भवन, सैदपुर, पटना में की जायेगी।
9. प्रस्तुति के उपरांत डिजाईन का हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना को उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।
10. कलात्मक कार्यो के डिजाईन का चयन/अधिष्ठापन की शर्तो में किसी प्रकार का संशोधन करने अथवा बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार शिक्षा विभाग/बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना के पास सुरक्षित रहेगा।

सचिव,
शिक्षा विभाग, बिहार